भाकृअनुप-राष्ट्रीय डेरी अनुसंधान संस्थान (मानद् विश्वविद्यालय)
ICAR-National Dairy Research Institute (Deemed University)
करनाल, हरियाणा (भारत). पिन-132001.
Karnal, Haryana (India). PIN-132001
राजभाषा एकक (HINDI CELL)

फा0सं0: हिन्दी तकनीकी पुरस्कार/12-6/राडेअनुसं/24-25 दिनांक : 28/04/2025

## परिपत्र (Circular)

| | |
|---|---|
| विषय | वैज्ञानिक तथा तकनीकी विषयों (सामग्री) की मूल रूप से हिंदी में लेखन की पुरस्कार योजना {वर्ष 2024-25} हेतु प्रविष्टियों का आमंत्रण (अंतिम तिथि: 30.5.2025) |
| Subject : | {Inviting entries for incentive scheme for Scientific & Technical Subjects (material) written originally in Hindi(Year 2024-25) (Last date : 30.5.2025) |

परिषद के पत्रांक 2(2)/91-रा.भा. दिनांक 06/05/99 द्वारा प्राप्त राजभाषा आदेशों का अनुपूरक संकलन (मई 1986 तक) संशोधित नियम पुस्तक के पृष्ठ संख्या-66 के क्रमांक 236, का.ज्ञा.सं. 120348/86 रा.भा. {क-2} दिनांक 31.10.1988 के अनुसरण में संस्थान की वैज्ञानिक तथा तकनीकी विषयों की मूल रूप से हिंदी में लिखी गई पुस्तकों/प्रकाशित बुलेटिनों/फोल्डर/शोध-पत्र/आलेख आदि पुरस्कार योजनों (अवधि दिनांक 01.04.2024 से 31.03.2025 के मध्य प्रकाशित प्रविष्टियों हेतु) के लिए सक्षम प्राधिकारी के अनुमोदन से निम्नलिखित श्रेणियों के अन्तर्गत पुरस्कारों के लिए संस्थान के वैज्ञानिकों/कर्मचारियों से प्रविष्टियां आमंत्रित की जाती है:-

(i). उत्कृष्ट हिंदी पुस्तक/तकनीकी पुस्तक या पुस्तिका या/बुकलेट/बुलेटिन
(ii). उत्कृष्ट हिंदी फोल्डर श्रेणी
(iii). उत्कृष्ट हिंदी शोध पत्र श्रेणी
(iv). उत्कृष्ट हिंदी आलेख श्रेणी(केवल संस्थान के द्वारा 2024-25 में प्रकाशित "दुग्ध गंगा" पत्रिका/ "डेरी समाचार" में शामिल आलेखों में से। संस्थान के बाहर की पत्रिकाओं में प्रकाशित आलेख स्वीकार्य नहीं होंगे, चूंकि उनका अन्यत्र मूल्यांकन संभावित होता है)

(v). उत्कृष्ट हिंदी लीफलेट/पम्फलेट श्रेणी
(Vi). उत्कृष्ट हिंदी मोबाइल ऐप/प्रोग्राम/वेबसाइट श्रेणी

इस प्रतियोगिता के लिए दिनांक 1 अप्रैल, 2024 से 31 मार्च, 2025 तक की अवधि के दौरान प्रकाशित की गयी अथवा इस अवधि में मूल रूप से लिखित/सृजित उपरोक्त सामग्री/प्रविष्टियां ही शामिल की जा सकेंगी। अतः संस्थान के क्षेत्रीय केन्द्रों के अध्यक्षों/समस्त प्रभागों एवं अनुभागों के अध्यक्षों एवं प्रभारी अधिकारियों से यह आग्रह है कि वे इस परिपत्र का अपने केन्द्र/प्रभागों/अनुभागों में गहन परिचालन (सर्कुलेशन) करें तथा पात्र इच्छुक वैज्ञानिकों एवं तकनीकी स्टाफ आदि की प्रविष्टियां इस परिपत्र के साथ संलग्न आवेदन-फार्म में निर्धारित प्रणाली के माध्यम से राजभाषा एकक को निर्धारित तिथि (30.5.2025) तक अग्रेषित करने की कृपा करें।

....2

<u>प्रविष्टियों की प्रस्तुति/मूल्यांकन के लिए मार्गदर्शी बिन्दु</u>

| | |
|---|---|
| 1 | भाकृअनुप-राडेअनुसं, करनाल के द्वारा वर्ष वर्ष 2024-25 (01.04.2024 से 31.03.2025) के मध्य प्रकाशित संस्थान की राजभाषा पत्रिका "दुग्ध गंगा", डेरी मेला स्मारिका, डेरी समाचार में प्रकाशित रचनाओं का **समिति द्वारा स्वतः मूल्यांकन किया जाएगा।** अतः आवेदकों को इन पत्रिकाओं/स्मारिका/समाचार पत्र आदि में प्रकाशित रचनाओं के लिए प्रविष्टि प्रस्तुत करने की आवश्यकता नहीं है। संस्थान के वैज्ञानिक/कर्मचारी अन्य श्रेणियों के लिए अपनी प्रविष्टियां राजभाषा एकक को निर्धारित प्रपत्र के आवेदन फार्म तथा संबंधित प्रविष्टि की एक हार्ड कॉपी अपने प्रभागाध्यक्ष/अनुभाग अधिकारी के माध्यम से प्रस्तुत करनी होगी। |
| 2 | सभी प्रतिभागी अपने आवेदन की एक प्रति के साथ प्रकाशित सामग्री का 1 सैट अनिवार्यतः हार्ड कॉपी में प्रस्तुत करेंगे। |
| 3 | इस प्रतियोगिता के लिए संस्थान के ऐसे वैज्ञानिकों/तकनीशियनों की प्रविष्टियाँ स्वीकार की जाएंगी जो प्रथम मूल लेखक हैं। प्रथम लेखक को छोड़कर अन्य सहलेखकों द्वारा प्रस्तुत की गई रचनाएं अस्वीकार करते हुए मूल रूप से लौटा दी जाएंगी। |
| 4 | पुरस्कार राशि प्रथम मूल लेखक को स्वीकृत की जाएगी अर्थात् किसी विजेता प्रविष्टि के एक से अधिक लेखक होने की स्थिति में केवल प्रथम मूल लेखक को ही पुरस्कार राशि स्वीकृत की जाएगी। |
| 5 | मूल्यांकन समिति की सिफारिश पर श्रेणीवार प्रतियोगिताओं की चयनित प्रथम, द्वितीय, तृतीय व प्रोत्साहन प्रविष्टियों के मूल लेखकों को नकद पुरस्कार और/अथवा मूल लेखकों/सहलेखकों को प्रशस्ति प्रमाण-पत्र से पुरस्कृत करने पर विचार किया जाएगा। |
| 6 | प्रथम मूल लेखक के हिन्दीतर भाषी होने की स्थिति में उन्हें मूल्यांकन के दौरान प्राप्तांक के 20 प्रतिशत अतिरिक्त अंक प्रदान किये जाएंगे। |
| 7 | मूल्यांकन में उन प्रविष्टियों को प्राथमिकता दी जाएगी जिनमें संस्थान के द्वारा प्रकाशन संख्या आबंटित की गयी है। |
| 8 | संस्थान के ऑडिट अनुभाग द्वारा प्रतियोगिता के लिए उपलब्ध कराई जाने वाली पुरस्कार राशि के अन्तर्गत मूल्यांकन समिति को यह निर्धारित करना होगा कि प्राप्त प्रविष्टियों में से श्रेणीवार कितनी रचनाएं पुरस्कार के लिए चयनित की जानी हैं एवं कितनी पुरस्कार राशि स्वीकृत की जानी है। |

2. अंतिम तिथि (30.5.2025) के बाद प्राप्त हुए आवेदनों पर विचार नहीं किया जाएगा।

(यह सक्षम प्राधिकारी के अनुमोदनोपरांत जारी किया जा रहा है।)

**संलग्नः- एक आवेदन फार्म का फार्मेट**

धीरज शर्मा 29/4/25

**प्रभारी, राजभाषा एकक**

<u>वितरण (सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु ईमेल द्वारा)</u>

1. निदेशक, भाकृअनुप-राडेअनुसं, करनाल को निजी सचिव के माध्यम से सूचनार्थ।
2. संयुक्त निदेशक (अनुसंधान)/(शैक्षणिक) व (प्रशासन) एवं कुलसचिव व नियंत्रक भाकृअनुप-राडेअनुसं, करनाल को उनके निजी सचिवों के माध्यम से।
3. सभी प्रभागों के अध्यक्ष/अनुभाग प्रभारी, भाकृअनुप-राडेअनुसं, करनाल। कृपया उपरोक्तानुसार कार्रवाई के साथ-साथ इस परिपत्र को अपने नोटिस बोर्ड पर भी चिपकायें।
4. अध्यक्ष, द.क्ष.के. बैंगलूरू तथा अध्यक्ष, पू.क्षे.के., (राडेअनुसं), कल्याणी को ईमेल से।
5. प्रभारी, कम्प्यूटर केन्द्र, राडेअनुसं, करनाल को ई-ऑफिस, एनडीआरआई नोटिस बोर्ड पर अपलोडिंग हेतु।

भाकृअनुप-राष्ट्रीय डेरी अनुसंधान संस्थान, करनाल

**<u>वैज्ञानिक एवं तकनीकी हिन्दी लेखन पुरस्कार योजना में पुरस्कार हेतु आवेदन का फार्म</u>**

(पुरस्कार वर्ष 2024-25 अवधि 01.04.2024 से 31.03.2025

(नोट- भाकृअनुप-राडेअनुसं, करनाल के द्वारा वर्ष 2024-25 अवधि 01.04.2024 से 31.03.2025 तक की अवधि हेतु प्रकाशित संस्थान की हिन्दी पत्रिका दुग्ध गंगा, डेरी मेला स्मारिका, डेरी समाचार आदि हिन्दी प्रकाशनों में प्रकाशित रचनाओं का समिति द्वारा स्वतः मूल्यांकन किया जाएगा। अतः आवेदकों को इस पत्रिका में प्रकाशित रचनाओं के लिए प्रविष्टि प्रस्तुत करने की आवश्यकता नहीं है। मूल्यांकन समिति द्वारा उक्त पत्रिका में प्रकाशित सभी आलेखों का स्वतः मूल्यांकन किया जाएगा। आवेदक यदि कई श्रेणियों में प्रविष्टि प्रस्तुत कर रहे हैं तो उन्हें हर श्रेणी के लिए इस फार्म को अलग-अलग भर कर प्रस्तुत करना होगा। प्रभागाध्यक्ष/प्रभारी के माध्यम से प्रेषित किए गए आवेदन ही स्वीकार किए जाएंगे)

| क्र.सं. | प्रविष्टि प्रस्तुत करने वाले भाकृअनुप-राडेअनुसं, करनाल के प्रथम मूल लेखक का नाम, पदनाम, कर्मचारी संख्या, प्रभाग/अनुभाग | सहलेखकों के नाम, पदनाम, कार्यालय व कर्मचारी संख्या | प्रस्तुत प्रविष्टि का स्वरूप {एकल या संयुक्त} | लेखन/शोध पत्र/ पुस्तक लेखन/ फोल्डर/मोबाइल एप या अन्य | पत्र/पत्रिका/पुस्तक का नाम/आलेख आदि का शीर्षक/नाम/ अंक/अवधि जिसमें संबंधित सामग्री प्रकाशित हुई है। |
|---|---|---|---|---|---|
| | | | | | |

मैं यह प्रमाणित करता/करती हूँ कि :-(जो ब्यौरा लागू नहीं है, उसे काट दें)

क. उपरोक्त अवधि के अन्तर्गत प्रकाशित सामग्री की केवल एक प्रविष्टि ही मूल्यांकन के लिए प्रस्तुत है। मुझे यह ज्ञात है कि एक से अधिक प्रविष्टि प्रस्तुत करने पर मेरी प्रविष्टि मूल्यांकन समिति द्वारा अस्वीकार कर दी जाएगी। प्रविष्टि प्रस्तुत करते समय यह ध्यान रखा गया है कि आवेदन फॉर्म में मूल/प्रथम लेखक के नाम से प्रविष्टि प्रस्तुत की गई है। सह लेखकों का नाम अलग से दर्शाया गया है।

ख. प्रस्तुत प्रविष्टि स्वयं मेरे द्वारा मूल रूप से लिखी गई है एवं इसका किसी से अनुवाद नहीं कराया गया है। यदि मेरे द्वारा प्रस्तुत प्रविष्टि की मौलिकता आदि के संबंध में कोई विवाद होता है तो उसके लिए मैं स्वयं जिम्मेदार रहूँगा।

ग. पत्रिका/सामग्री के कवर पृष्ठ/अनुक्रमाणिका(इंडेक्स)/पृष्ठ जिन पर रचना प्रकाशित हुई है, की छायाप्रति भी प्रस्तुत हैं।

घ. प्रतियोगिता के लिए इस आवेदन फॉर्म की एक प्रति के साथ संलग्न प्रविष्टि का एक सैट भी प्रस्तुत है।

च. मैंने जो पुस्तक प्रविष्टि के रूप में प्रस्तुत की है, उसकी.......प्रतियाँ वृहद स्तर पर सर्कुलेट हुई हैं/बिक चुकी हैं।

संलग्नः- इस फॉर्म की एक प्रति के साथ प्रस्तुत प्रविष्टि का एक सैट

हस्ताक्षर : ................................

प्रथम मूल लेखक का नाम व पदनाम :........................................

प्रथम मूल लेखक की मातृभाषा : ..............................................

प्रथम मूल लेखक का कर्मचारी संख्या : ....................................

प्रथम मूल लेखक का मोबाइल/दूरभाष नं. .......................................

प्रथम मूल लेखक का ईमेल : .......................................

अग्रेषित द्वारा प्रभारी अधिकारी

(मुहर सहित हस्ताक्षर)